Headline: Dr. P.R. Sodani met with Governor Haribhau Bagde: Information provided about the Memorandum of Understanding (MoU) signed between IIHMR University and Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health in the United States.

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
07.11.2024	Dainik Bhasker	All

दैनिक भास्कर

होम | वीडियो | सर्च | वेब स्टोरीज | ई-पेपर

टॉप न्यूज़ | राज्य-शहर | विधानसभा चुनाव | भास्कर खास | क्रिकेट | DB ओरिजिनल | जॉब - एजुकेशन | स्पोर्ट्स | बॉलीवुड | लाइफस्टाइल | जीवन मंत्र | वुमन | बिजनेस | राशिफल | टेक - ऑटो | फेक न्यूज एक्सपोज़ | ओपिनियन | मधुरिमा | मैगजीन | लाइफ - साइंस | यूटिलिटी

Download App from Google Play

Hindi News / Local / Rajasthan / Jaipur / Rajasthan News, Dr. PR Sodani Met Governor Haribhau Bagde, Jaipur News Update

डॉ. पीआर सोडानी ने की राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात: IIHMR यूनिवर्सिटी के अमेरिका के जॉन्स हॉपकिन्स ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के साथ हुए एमओयू की दी जानकारी

जयपुर 21 दिन पहले

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट, डॉ. पीआर सोडानी ने गुरुवार को राजस्थान के राज्यपाल, हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस मुलाकात में राज्यपाल के साथ स्वास्थ्य शिक्षा और रिसर्च के महत्व पर गहन चर्चा हुई। उन्होंने आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम और रिसर्च बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी स्वास्थ्य शिक्षा, हेल्थ मैनेजमेंट, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, फार्मास्यूटिकल मैनेजमेंट, पब्लिक हेल्थ , हेल्थकेयर एनालिटिक्स, और डेवलोपमेंट मैनेजमेंट, के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। डॉ.सोडानी ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान में छात्र स्वास्थ्य शिक्षा पर अधिक जोर दे रहे हैं, ताकि वे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकें।

डॉ. सोडानी ने अमेरिका के जॉन्स हॉपकिन्स ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के साथ शैक्षणिक और शोध कार्यक्रमों के लिए हुए एमओयू के बारे में भी जानकारी साझा की। इस चर्चा के दौरान, डॉ. सोडानी ने राज्यपाल को यह भी बताया कि स्वास्थ्य शिक्षा में युवा वर्ग की रुचि बढ़ी है। अब अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षा और जानकारी को अहमियत दे रहे हैं, जो समाज में एक सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के कोर्स न केवल छात्रों को स्वास्थ्य क्षेत्र में ज्ञान प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक कौशल भी सिखा रहे हैं, जिससे वे भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं।

डॉ. सोडानी ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं और स्वास्थ्य मैनेजमेंट शिक्षा के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी के भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर भी विचार साझा किए कि कैसे यूनिवर्सिटी स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।